# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-759**
**दिनांक- 02.04.2025**

**जोन- पश्चिमी/थाना- ठाकुरगंज**

- **बिना वैध अनुमति के बिना रील बनाने वाले 01 अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 01.04.2025 को ठाकुरगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्लोब कैफे, घण्टाघर क्लाक टावर के सामनें, एक व्यक्ति जो नकली सलमान खान बनकर अपनी रील बनाने को लेकर आम-जन मानस के लोगों से विवाद कर उग्र हो रहा था और सडक पर जाम लगा रखा है।

घटना को संज्ञानित लेते हुए मौके पर पुलिस नें पहुँचकर जाँच की तो ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति जिसका नाम आजम अली अंसारी पुत्र नौशाद अली अंसारी निवासी कटरा बेग, चौपटिया थाना सादतगंज लखनऊ उम्र 42 वर्ष जो खुद अपने आप को सलमान खान बताकर ग्लोब कैफे, घण्टाघर जैसे संवेदनशील स्थान पर बिना किसी वैध अनुमति के अपने आप को सलमान खान बताकर लाईसेंसी रिवाल्वर के साथ अपनी रील बनाने को लेकर सडक पर जाम लगा दिया था और जनता के लोगों से उग्र होकर विवाद कर रहा था मौके पर यदि पुलिस न पहुँचती तो निश्चित ही कोई संज्ञेय अपराध कारित हो जाता।

पुलिस द्वारा समझाने बुझाने का प्रयास किया गया किन्तु वह कुछ भी समझने को तैयार नही था जिसको मौके पर पुलिस द्वारा शांति भंग करने के आरोप में उसकी लाईसेंसी रिवाल्वर हिरासत पुलिस लिया गया । उसका लाईसेंसी रिवाल्वर जब्त करते हुए अभियुक्त आजम अली अंसारी उपरोक्त को शान्ति व्यवस्था भंग करने के अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.आजम अली अंसारी उर्फ नकली सलमान खान पुत्र नौशाद अली अंसारी निवासी- कटरा बेग, चौपटिया थाना सादतगंज लखनऊ उम्र 42 वर्ष

**03-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 श्रीकांत राय थाना ठाकुरगंज लखनऊ
2. उ0नि0 श्री मुदित राय थाना ठाकुरगंज लखनऊ
3. उ0नि0 श्री शुभम सिंह थाना ठाकुरगंज लखनऊ
4. का0 श्यामेन्द्र सिंह थाना ठाकुरगंज लखनऊ
5. का0 रमन कुमार थाना ठाकुरगंज लखनऊ

# पुलिस कमिश्नरेटलखनऊ

**प्रेस नोट सं0-761**

**दिनांक 02.04.2025**

## जोन- दक्षिणी/थाना- सुशान्त गोल्फ सिटी

- **शांति व्यवस्था भंग करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01- संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 01.04.2025 को थाना सुशान्त गोल्फ सिटी टीम को सूचना प्राप्त हुयी कि शहीद पथ पर मोटर साइकिल चालक द्वारा ट्रैफिक पुलिस से झगडा होने की सूचना प्राप्त हुई प्राप्त सूचना के आधार पर उ0नि0 शिवाकांत तिवारी मय पुलिस टीम के रवाना होकर प्राप्त सूचना के आधार पर शहीद पथ पर पहुँचे तो देखा कि शुभम अग्रहरी पुत्र मदन चन्द्र अग्रहरी निवासी ग्राम जामो थाना जामो जिला अमेठी हाल पता खुर्दाई बाज़ार थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, जनपद लखनऊ उम्र 19 वर्ष द्वारा तैनात ट्रैफिक पुलिस के साथ आमादा फसाद हो रहा है तथा शोर करते हुए शांति व्यवस्था भंग कर रहा है। जब पुलिस टीम द्वारा शुभम अग्रहरी को समझाने बुझाने का प्रयास किया गया तो शुभम अग्रहरी पुलिस टीम की एक भी बात न मानकर और तेज तेज आवाज में बोलने लगे व आमादा फौजदारी पर उतारू हो गए, मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रखने व संज्ञेय अपराध निवारण हेतु अभियुक्त शुभम अग्रहरी को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया उपरोक्त का चालान अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया।

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता/व्यवसायः-**

1. शुभम अग्रहरी पुत्र मदन चन्द्र अग्रहरी निवासी ग्राम जामो थाना जामो जिला अमेठी हाल पता खुर्दाई बाज़ार थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, जनपद लखनऊ उम्र 19 वर्ष

**04-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना - सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-760**
**दिनांक-02.04.2025**

**जोन-पश्चिमी/थाना-काकोरी**

- **01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर कमिश्नरेट लखनऊ के निर्देशानुसार संयुक्त पुलिस आयुक्त महोदय मुख्यालय / अपराध श्री अमित वर्मा, पुलिस उपायुक्त महोदय पश्चिमी श्री विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त महोदय पश्चिमी श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, एवं सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी श्री शकील अहमद के निकट पर्यवेक्षण मे व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काकोरी के नेतृत्व मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.04.2025 को वारण्टी अभियुक्त इरशाद हुसैन पुत्र शमशाद हुसैन निवासी ग्राम ढेड़वा थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र 34 वर्ष सम्बन्धित वाद सं0 29955/21 धारा 323/504/506/452 भादवि0 थाना काकोरी जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया।

**02-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. इरशाद हुसैन पुत्र शमशाद हुसैन निवासी ग्राम ढेड़वा थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र 34 वर्ष।

**03-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री मनीष कुमार कोतवाली काकोरी कमिश्नरेट लखनऊ
2. का0 विवेक कुमार कोतवाली काकोरी कमिश्नरेट लखनऊ

अन्य साथी अभिनव शुक्ला व शिवचिन, विपिन, को लात घूसे व असलहे की बट से मनीष तिवारी, साजन मिश्रा, रिषभ राय, हर्षित राय, प्रवीण गोस्वामी , विपिन तथा अन्य 6 लोग मारने लगे तथा सभी को धमकाया की अगली बार गोली सिर पर सभी को मारी जायेगी। अभियुक्तगण साजन मिश्रा, मनीष तिवारी, रिषभ राय, हर्षित राय, प्रवीण गोस्वामी , विपिन तथा अन्य 6 लोग धन उगाही, मारपीट, रंगदारी वसूलने आदि में लिप्त है।

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01-आकाश अवस्थी पुत्र श्री रजनीश कुमार अवस्थी निवासी – ग्राम बरतेर पो0 ओयल थाना खीरी व जिला लखीमपुर खीरी हाल पता – फैजुल्लागंज थाना मडियांव लखनऊ उम्र करीब 25 वर्ष

**04-पंजीकृत अभियोग-**

**01-**मु0अ0सं0–116 /2025 धारा- 109/ 115(2) /191(2) /351(3) /191(3)/61(2) बीएनएस थाना गोमतीनगर लखनऊ

**05-अभियुक्त आकाश अवस्थी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

**1**- मु0अ0सं0 177/2023 धारा 147, 148, 323, 336, 506 भादवि0 थाना हसनगंज लखनऊ

**नोट- अभियुक्त उपरोक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**06-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- श्री राजेश कुमार त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना गोमतीनगर लखनऊ

2- उ0नि0 श्रीमती प्रियंका राठौर

3- का0 अवधेश

4- का0 आकाश यादव

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-757**
**दिनांक 02.04.2025**

- **सर्विलांस सेल कार्यालय पुलिस उपायुक्त मध्य जोन लखनऊ द्वारा 50 गुमशुदा मोबाइल बरामद (कीमत लगभग 14.20 लाख रू0)**

**01-कार्यवाही-**



श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ श्री अमरेन्द्र सिंह सेंगर महोदय के निर्देशानुसार नागरिकों के खोये हुये मोबाईल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त मध्य कार्यालय में मध्य जोन थाना क्षेत्रों से मोबाईल गुमशुदगी के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों व श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय लखनऊ के जन शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को सर्विलांस पर लगाकर बरामद किये जाने हेतु श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया था।

उक्त के क्रम में पुलिस उपायुक्त मध्य श्री आशीष श्रीवास्तव व अपर पुलिस उपायुक्त मध्य श्री मनीषा सिंह एवं सर्विलांस/ क्राइम टीम प्रभारी श्री अभिनेन्द्र सिंह के कुशल निर्देशन एवं निकट पर्वेक्षण में गुमशुदा मोबाईलों की बरामदगी हेतु सर्विलांस सेल मध्य टीम द्वारा अथक परिश्रम एंव मेहनत के फलस्वरूप विभिन्न कम्पनियों के कुल 50 अदद मल्टीमीडिया मोबाईल फोन लखनऊ व अन्य जनपद एंव प्रान्त से बरामद किये गये। जिन्हें पुलिस उपायुक्त मध्य महोदय द्वारा उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को प्रदान किया गया। अपने खोये हुये मोबाइल फोन को प्राप्त कर नागरिकों द्वारा पुलिस उपायुक्त मध्य व सर्विलांस सेल/क्राइम मध्य टीम की प्रशंसा की गयी।

**02-बरामदगी का विवरण-**

- 50 मल्टीमीडिया मोबाईल फोन कीमत करीब 14.20 लाख रु०

**03-बरामद करने वाले पुलिस टीम का विवरण-**

1-उ0नि0 अभिनेन्द्र सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल/क्राइम ,मध्य जोन
2-हे0का0 आशीष कुमार मिश्र सर्विलांस सेल,मध्य जोन
3-हे0का0 अखिलेश कुमार सिंह सर्विलांस सेल,मध्य जोन
4-हे0का0 दुर्गेश कुमार सिंह सर्विलांस सेल मध्य जोन
5-हे0का0 शालिनी सर्विलांस सेल मध्य जोन
6-का0 मोहित सिंह सर्विलांस सेल मध्य जोन